23 अक्टूबर, 2020

प्रिय सैकंडरी माता-पिता/अभिभावको और छात्रो,

यह सैकंडरी परिवारों के लिए इन-पर्सन और वर्चुअल लर्निंग के बीच स्विच करने के साथ ही क्वाडमेस्टर 2 के लिए वर्चुअल ढंग से लर्निंग की शुरुआत करने के इच्छुक छात्रों के लिए वर्चुअल लर्निंग मॉडल में परिवर्तनों के बारे में एक महत्वपूर्ण अपडेट है।

वर्तमान में TDSB के वर्चुअल सेकेंडरी स्कूल में 18,000 से अधिक सैकंडरी छात्रों के दाखिल होने के साथ, हम सिस्टम के महत्वपूर्ण पुनर्गठन - कुछ ऐसा जिसका हमारे इन-पर्सन स्कूलों पर नकारात्मक प्रभाव होगा और इसके परिणामस्वरूप कई कोर्सों का बंद किए जाना हो सकता है - के बिना किसी भी अतिरिक्त छात्रों को जगह नहीं दे सकते।

हमारा अंतिम लक्ष्य इन-पर्सन स्कूलों और वर्चुअल स्कूलों दोनों के लिए स्थिरता बनाए रखना, और छात्रों द्वारा आवश्यक कोर्स पेश करते रहना जारी रखना है। परिणामस्वरूप, हम क्वाडमेस्टर 2 के लिए वर्चुअल लर्निंग पर स्विच करने का अनुरोध करने वाले छात्रों तक वर्चुअल लर्निंग कैसे डिलीवर की जाती है में तबदीली करेंगे।

जबकि वर्चुअल स्कूल संचालन और अपने मौजूदा छात्रों को सहायता करना जारी रखेगा, क्वाडमेस्टर 2 में इन-पर्सन से वर्चुअल लर्निंग पर स्विच करने वाले छात्रों को उनके वर्तमान इन-पर्सन स्कूल में एक वर्चुअल लर्निंग विकल्प के साथ समायोजित किया जाएगा।

<u>इन-पर्सन से वर्चुअल लर्निंग में स्विच करना</u>

इन-पर्सन स्कूलों में पंजीकृत हुए ऐसे छात्र जो वर्चुअल मॉडल पर स्विच करना चाहते हैं, उन्हें अपने स्कूल से अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी, जिसमें यह इंगित करने के लिए एक फॉर्म भी शामिल है कि वे क्या करना चाहते हैं। यह परिवर्तन 23 नवंबर, 2020 को क्वाडमेस्टर 2 की शुरुआत से प्रभावी होगा।

आपके स्कूल में स्कूल-आधारित वर्चुअल लर्निंग मॉडल कक्षा से कक्षा तक अलग-अलग होगा और वर्चुअल तौर पर पढ़ने के इच्छुक छात्रों की संख्या और उपलब्ध कोर्सों जैसे कारकों पर निर्भर करेगा। कुछ मामलों में, पूरी क्लास वर्चुअल तौर पर पेश करने के लिए पर्याप्त छात्र होंगे। अन्य मामलों में, क्लास को वर्चुअल और इन-पर्सन कॉहोर्ट्स में विभाजित किया जाएगा।

स्कूल आने वाले दिनों में मॉडल तैयार करेंगे और उन्हें अंतिम रूप देंगे, जैसे हमें वर्चुअल तौर पर पढ़ने में रुचि रखने वाले छात्रों की संख्या का बेहतर बोध होता है। क्वाडमेस्टर 2 की शुरूआत से पहले आपके स्कूल द्वारा विशिष्ट जानकारी साझा की जाएगी। कृपया नोट करें कि उनके इन-पर्सन स्कूल में वर्चुअल विकल्प पर स्विच करने के इच्छुक छात्रों के सभी अनुरोधों को समायोजित किया जाएगा। परन्तु, कुछ मामलों में, एक विशिष्ट क्वाडमेस्टर में वांछित कोर्सों में परिवर्तनों को उपलब्धता और पेश किए जा रहे कोर्सों के साथ पंक्तिबद्ध करने की ज़रूरत होगी।

वर्चुअल से इन-पर्सन लर्निंग में स्विच करना

वे छात्र जो वर्तमान में वर्चुअल स्कूल में पंजीकृत हैं और अपने इन-पर्सन स्कूल में वापस जाना चाहते हैं, के लिए यह देखने के लिए 28 अक्टूबर, 2020 तक उनके इन-पर्सन स्कूल के गाइडैंस काउंसलर से संपर्क करना ज़रूरी है, यदि क्वॉडमेस्टर 2, 3 और 4 के लिए उनके द्वारा अनुरोध किए गए कोर्सों के लिए एक टाईमटेबल बनाया जा सकता है। यदि टाईमटेबल बनाया जा सकता है, तो इन-पर्सन स्कूल में स्थानांतरण में सुविधा होगी। कृपया नोट करें कि स्थान सीमित हो सकता है और हो सकता है कि स्थानांतरण संभव ना हो।

यदि आपने पहले ही क्वाडमेस्टर 2 के लिए अपने इन-पर्सन स्कूल में वापस जाने के लिए अनुरोध कर दिया है, तो इस अनुरोध की पुष्टि करने के लिए कृपया अपने स्कूल से फिर से संपर्क करें।

इस विकसित हो रही स्थिति के दौरान आपके धैर्य के लिए सभी माता-पिता/अभिभावकों और छात्रों को धन्यवाद। हम इस महामारी के समय के दौरान सभी कक्षाओं और स्कूलों में यथासंभव स्थिरता सुनिश्चित करते हुए छात्रों के अनुरोधों को समायोजित करने के लिए जो कुछ भी हम कर सकते हैं कर रहे हैं।

आने वाले दिनों में इस पत्र के अनुवादित संस्करणों सहित, अधिक जानकारी के लिए, कृपया टीडीएसबी की वेबसाइट देखें।

भवदीय,

कैथी विदरो (Kathy Witherow)
अन्तरिम डायरैक्टर ऑफ एजुकेशन (Interim Director of Education)

Toronto
District
School
Board